Election to Committees : (i) Estimates Committee (ii) Public Accounts Committee

संसदीय कार्य मंत्री**;** तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री **(**श्री किरेन रिजिजू**) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से निम्नलिखित प्रस्ताव पेश करना चाहता हूँ:

?कि इस सभा के सदस्य लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के नियम 311 के उप-नियम (1) द्वारा अपेक्षित रीति से, 30 अप्रैल, 2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए प्राक्कलन समिति के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से तीस सदस्य निर्वाचित करें ।?

माननीय अध्यक्ष **:** एक मिनट रुकिये । आप वरिष्ठ सदस्य हैं । पेपर टेबल हो रहा है । सारी कमेटियाँ बननी हैं ।

? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई (जोरहाट) **:** सर, बच्चों को नहीं पता है । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** कमेटियाँ बननी हैं ।

? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई **:** जो बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं, उनको नहीं पता है । उनको न्याय से मतलब है ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** प्रश्न यह है:

?कि इस सभा के सदस्य लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य**-**संचालन नियम के नियम 311 के उप-नियम (1) द्वारा अपेक्षित रीति से, 30 अप्रैल, 2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए प्राक्कलन समिति के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से तीस सदस्य निर्वाचित करें ।?

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।</u>

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आइटम नंबर 7

<u>12.07 hrs</u>

(ii) Public Accounts Committee

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS; AND MINISTER OF MINORITY AFFAIRS (SHRI KIREN RIJIJU): Sir, I beg to move:-

?That the members of this House do proceed to elect, in the manner required by sub-rule (1) of the Rule 309 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, fifteen members from amongst themselves to serve as members of the Committee on Public Accounts for the term ending on the 30th April, 2025.?

माननीय अध्यक्ष **:** प्रश्न यह है:

?कि इस सभा के सदस्य लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के नियम 309 के उप-नियम (1) द्वारा अपेक्षित रीति से, 30 अप्रैल, 2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए लोक लेखा समिति के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से पंद्रह सदस्य निर्वाचित करें ।?

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।</u>

____

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मैं आपसे पुन**:** आग्रह करता हूं । आप हर विषय पर, हर मुद्दे पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा कर सकते हैं, संवाद कर सकते हैं और सरकार आपके हर विषय का जवाब देगी ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप नियोजित तरीके से सदन नहीं चलाना चाहते, मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहते । राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा नहीं करना चाहते । मैं आपसे पुन**:** आग्रह करता हूं । सदन चलाने की जिम्मेदारी हम सब की है ।

? (व्यवधान)

हमें जनता ने बहुत अपेक्षा-आकांक्षाओं से चुनकर भेजा है । सदन के शुरुआती दिनों में नियोजित तरीके से सदन नहीं चलाने देना, यह संसदीय लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है । मेरा आपसे आग्रह है कि आप राष्ट्रपति अभिभाषण पर इस मुद्दे पर जोर से बोलिए । मैं आपको एलाऊ करूँगा ।

? (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री**;** तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री **(**श्री किरेन रिजिजू**) :** आज तक संसद के इतिहास में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के बाद**,** उस पर धन्यवाद प्रस्ताव के अलावा किसी और विषय पर चर्चा करने की परम्परा कभी नहीं रही है ।? (व्यवधान) पहली बार कांग्रेस पार्टी और उनके कुछ दलों ने इस संसद की गरिमा को ताक

पर रखते हुए, आदरणीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा करने का जो प्रस्ताव रखा गया है, ये उसका विरोध करके वेल में आए हैं, मैं इसको कंडेम करना चाहता हूँ ।? (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय जी, आपने चेयर से भी कहा है कि कोई भी मुद्दा विपक्ष के लोग उठाना चाहें, तो उनको पर्याप्त समय दिया जाएगा ।? (व्यवधान) राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान वे अपनी पूरी बात रख सकते हैं ।? (व्यवधान)

मैं, आपके माध्यम से, विपक्ष के लोगों को आश्वासन देता हूँ कि चर्चा के दौरान कोई भी मुद्दा आएगा, तो हम उसका जवाब देने के लिए तैयार हैं ।? (व्यवधान) हम पूर्ण रूप से जवाब देंगे ।? (व्यवधान) इसलिए सदन को चलने दिया जाए क्योंकि चर्चा होनी चाहिए ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मैं पुन**:** आपसे आग्रह कर रहा हूँ कि आपको सदन में नारेबाजी करने के लिए नहीं भेजा गया है । मैंने पूर्व में भी कहा था कि सदन का विरोध और सड़क के विरोध में अंतर होना चाहिए । आप सदन में अपनी बात को कहिए । राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान पूरे मुद्दे पर अपनी बात कहिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं**,** आप मुद्दों पर बात नहीं करना चाहते हैं? आप ?नीट? के मुद्दे और राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, आप देश के और मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** सभा की कार्यवाही सोमवार, 01 जुलाई, 2024 को प्रात: ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

12.08 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Monday, July 1, 2024/Ashadha 10, 1946 (Saka).

---

* Laid on the Table.